तपन पटनायक

चर्चा में क्यों?

9 अप्रैल, 2022 को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने तपन पटनायक को छऊ नृत्य कला के क्षेत्र में बेहतर योगदान के लिये संगीत नाटक अकादमी अवार्ड प्रदान किया।

प्रमुख बिंदु

- झारखंड के सरायकेला खरसावाँ ज़िले के छऊ गुरु सह-राजकीय छऊ कला केंद्र, सरायकेला के निदेशक तपन पटनायक राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी छऊ नृत्य पेश कर चुके हैं।
- तपन पटनायक ने न केवल सरायकेला बल्कि खरसावाँ एवं मानभूम शैली छऊ नृत्य के विकास में भी अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है।
- सरायकेला छऊ महोत्सव को राजकीय महोत्सव घोषित कराने में छऊ गुरु तपन पटनायक ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है।
- उल्लेखनीय है कि संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार भारत में कला के क्षेत्र में दिया जाने वाला सबसे प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/tapan-patnaik